## कलेक्टर की अध्यक्षता में होटल संचालकों की बैठक

### फायर सेफ्टी के सभी मापदण्डों का अनिवार्य रूप से पालन करें

# हर तीन माह में हो मॉक ड्रिल जांच के लिये बनेगा दल

**जबलपुर। होटल विजन महल में गत दिवस आग लगने की घटना को देखते हुये जिला प्रशासन ने बुधवार को सभी होटल संचालकों की बैठक बुलाकर ऐसी दुर्घटनायें न हों इसके लिये उन्हें फायर सेफ्टी के सभी मापदण्डों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में होटल संचालकों को कम से कम तीन माह में एक बार अग्नि र्दुटना से बचाव के लिये मॉक ड्रिल आयोजित करने की सलाह भी दी गई ताकि यह देखा जा सके कि उनके यहां मौजूद अग्नि शमन यंत्र काम कर रहे हैं या नहीं और स्टॉफ उनका इस्तेमाल करने में सक्षम है या नहीं।**





कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, समर वर्मा एवं सूर्यकांत शर्मा, प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य पटले तथा सभी एसडीएम और सीएसपी मौजूद थे। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बैठक की शुरूआत में इसके आयोजन के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुये कहा कि प्रशासन की चिंता होटल विजन महल जैसे अग्नि हादसे को रोकने की है। हालांकि इस दुर्घटना में आग पर तुरंत काबू पा लिया गया और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। लेकिन ऐसी दुर्घटनायें न हों इसके लिये आवश्यक है कि अभी से सतर्पता बरती जाये और उन सभी उपायों को अपनाया जाये जो फायर सेफ्टी के लिये जरूरी हैं। कलेक्टर ने बैठक में होटल संचालकों से एक-एक कर उनके यहां मौजूद फायर सेफ्टी सिस्टम की जानकारी ली। उन्होंने अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने होटल संचालकों से सुझाव भी लिये। श्री सक्सेना ने बैठक में कहा कि होटल संचालकों से उन संभावित कारणों को अपने स्तर से भी पता लगाना होगा जो अग्नि दुर्घटना की वजह बन सकते हैं और उन्हें दूर करने के उपाय भी अपनाने होंगे। उन्होंने कहा कि सभी होटलों में फायर सेफ्टी सिस्टम होना जरूरी है जहां नहीं है वहां जल्दी से लगा लिये जाने चाहिए। बैठक में होटल संचालकों को हर साल फायर सेफ्टी आडिट कराने के तथा आडिट में पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही तय समय पर फायर एनओसी का नवीनीकरण अनिवार्य रूप से कराने कहा गया। होटल संचालकों से कहा गया कि कम से कम हर तीन माह में एक बार मॉक ड्रिल का आयोजन करें तथा स्टाफ को अग्नि शमन यंत्रों का इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग भी दें। होटल के हर फ्लोर पर इमरजेंसी एक्जिट गेट सहित फायर सेफ्टी प्लान प्रदर्शित भी किया जाये।

### जांच के लिये अधिकारियों की बनेगी टीम

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बैठक में कहा कि होटल में फायर सेफ्टी के मापदण्डों का पालन कराने जल्दी ही एसडीएम और सीएसपी के नेतृत्व में जांच टीमों का गठन किया जायेगा। इनमें सभी संबंधित विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे। हफ्ते के सातों दिन के लिये अलग-अलग टीमें बनाई जायेंगी। ये टीमें रोस्टर के अनुसार सप्ताह के हर दिन होटलों का निरीक्षण करेंगी। श्री सक्सेना ने स्पष्ट किया कि जांच टीमों के गठन के पीछे प्रशासन का मकसद व्यवस्थाओं में सुधार लाना है। इसमें होटल संचालकों को भी सहयोग करना होगा। प्रशासन चाहता है कि होटलों में नेशनल बिल्डिंग कोड के मुताबिक फायर सेफ्टी के सभी मापदण्डों का पालन हो। उन्होंने कहा कि होटल विजन महल के लॉन में लगी आग की घटना बड़ी नहीं थी लेकिन इसे सभी को गंभीरता से लेना होगा। एक तरफ जहां होटल संचालकों को कमियों को दूर करना होगा वहीं प्रशासन को भी फायर सेफ्टी के मापदण्डों का कड़ाई से पालन कराना होगा।



## अवैध गैस रिफिलिंग की शिकायत पर पहुंची टीम

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने बुधवार को अवैध गैस रिफिलिंग पर कार्यवाही की। विभागीय टीम द्वारा मदनमहल स्टेशन रोड पर स्थित पवनपुत्र स्नैक्स कार्नर प्रतिष्ठान में अवैध रूप से संचालित गैस रिफिलिंग सेंटर की जाँच की। मौके पर अवैध रिफिलिंग सेंटर के संचालक सुधीर गुप्ता उपस्थित मिले। सुधीर गुप्ता ने अपने कथन में स्वीकार किया कि उनके द्वारा अमानक श्रेणी के छोटे गैस सिलेंडरों एवं ऑटो रिक्शा में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस ट्रांसफर कर भरी जाती है। दुकान की आड़ में संचालित हो रहे उक्त अवैध रिफिलिंग सेंटर में पाए गए एचपी कम्पनी के तीन घरेलू गैस सिलेंडर,दो इलेक्ट्रानिक तौल काँटा, दो विद्युत मोटर, दो अमानक रेगुलेटर, दो रबर पाइप आदि वस्तुएँ को जप्तीनामा अनुसार जप्त किया जा कर सुरक्षा और सुविधा की दृष्टि से गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दी गईं। संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रवृत्त द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने के फलस्वरूप प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जाँच की कार्रवाई में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती नीलम उपाध्याय, भावना तिवारी, कुंजन सिंह तथा सिद्धार्थ राय भी शामिल रहे।

## शासकीय भूमि में दर्ज करने के आदेश

जबलपुर।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सक्सेना ने अपर कलेक्टर एवं अनुभागीय राजस्व न्यायालय के प्रतिवेदन के आधार पर तहसील जबलपुर अंतर्गत ग्राम नयागांव पटवारी हल्का चौरई के ख.नं. 213 रकबा 2.00 हेक्टेयर भूमि से संबंधित प्रकरण की सुनवाई की। प्रकरण श्रीमती माया सिंह पति पुष्पेन्द्र सिंह, निवासी शक्ति नगर, शिवाजी चौक, 90 क्वार्टर के पास, जिला जबलपुर द्वारा ग्राम नयागांव रा.नि.मं. बरगी स्थित भूमि ख.नं. 213 रकबा 2.000 हेक्टेयर, भूमि से संबंधित है। आवेदिका नें अहस्तांतरणीय की प्रविष्टि त्रुटिपूर्ण बताते हुए खसरे से विलोपित किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया था। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उक्त भूमि में शासन का हित निहित होने के कारण न्यायालय कलेक्टर जबलपुर में प्रस्तुत किया गया। उक्त विषय पर मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 यथासंशोधित 2018 के प्रावधान निम्नानुसार मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 यथासंशोधित 2018 की धारा 165(7-ख) में स्पष्ट प्रावधान है कि शासन से पट्टे पर दी गई भूमि, भले ही धारा 158(3) के तहत पट्टेदार को भूमिस्वामी हक ही क्यों ना प्राप्त हो, ऐसी भूमि का अंतरण कलेक्टर की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।इस प्रकरण में परीक्षण में आवेदित भूमि का मूल ख.नं. 126/1, 126/2 रकबा क्रमश 202.585, 0.162 हेक्टे. होकर वर्ष 1979-80 से 1980-81 में भूमि सरकार मद पहाड़ चट्टान दर्ज थी। इस प्रकार भूमि शासकीय दर्ज थी, जिसका मद पहाड़-चट्टान था। जिसमें प्रभाबाई पति छोटेलाल साहू द्वारा कब्जा किया जाना उल्लेखित था। वर्ष 1988-89 से 1989-90 में भूमि स्वामी हक में दर्ज हुई किन्तु बेजा कब्जेदार से भूमि स्वामी हक में किस प्रकार दर्ज हुई इस संबंध में कोई जानकारी संलग्न प्रस्तुत नही की गई है। इस प्रकार जब वैध रूप से शासन से भूमि प्राप्त होना ही प्रमाणित नहीं है तो भूमिस्वामी हक प्राप्त होने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होने पर एवं भूमि विक्रय किये जाने के पूर्व कलेक्टर की अनुमति नहीं होने पर प्रभाबाई पति छोटेलाल, आरती जोजे तेजप्रकाश, विकास कुमार वल्द नरेन्द्र कुमार गुप्ता का स्वत्व ही अवैधानिक पाया गया और शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश दिया गया।इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर को उक्त पुराना खसरा नंबर 126/1 एवं 126/2 शासकीय मद पहाड़ चट्टान की भूमि के वर्तमान नवीन नंबर के संबंध में जाँच कराई जाकर प्रतिवेदन सहित प्रकरण तैयार कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### निजी स्कूलों की शिकायतों का समाधान
## 7 मई को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी खुली सुनवाई

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने निजी स्कूलों की शिकायतों के समाधान के लिये 7 मई को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खुली सुनवाई आयोजित की है। जिसमें काईस्टचर्च स्कूल की सभी शाखाओं सहित ज्ञान गंगा आर्चिड इंटरनेशनल स्कूल, लिटिल वर्ल्ड कटंगा एवं तिलवाराघाट, सत्यप्रकाश स्कूल पोलीपाथर, अजय सत्यप्रकाश स्कूल पनागर, चैतन्य टैक्नो स्कूल, नालंदा स्कूल धनवंतरी नगर से संबंधित शिकायतों की खुली सुनवाई होगी। इसमें विद्यालय के प्रबंधक व प्राचार्य उपस्थित होकर शिकायतों पर उत्तर देगें। शिकायतकर्ता सुनवाई में उपस्थित रह सकेगें।अभिभावक यदि उक्त स्कूलों से संबंधित शिकायत करना चाहता है तो कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के पास जमा कर सकते हैं। प्राप्त सभी शिकायतों को सुनवाई में शामिल किया जावेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि अन्य विद्यालयों से संबंधित सुनवाई आगामी तिथियों में रखी जावेगी, जिसकी सूचना पृथक से जारी होगी।

## कीमती समान नहीं मिला तो घर में आग लगा दी!

**सीसीटीवी में वारदात कैद**

**जबलपुर।** कुछ दिन पूर्व चोरों ने एक घर में चोरी के बाद घर का सामान बाहर फेंक दिया था। अब चोरों ने चोरी के बाद घर में ही आग लगा दी। जिले में चोरी से ज्यादा चोरों के बढते हौसले की चर्चा है। ऐसा ही एक मामला चरगवां में सामने आया है, जहां घर में घुसे चोरों ने कीमती सामान न मिलने पर घर में ही आग लगा दी। घटना घर के सामने लगे सीसीटावी में कैद हो गई। राहत की बात यह रही कि समय पर परिवार को घर से बाहर निकाल लिया गया। वर्ना कई लोग जिंदा जल सकते थे। पुलिस मामले की जांच और चोरों की शिनाख्त में जुटी है। rचरगवां निवासी गनपत चक्रवर्ती ने पुलिस को बताया कि रात करीब 2 बजे घर में आग लगने का पता चला। आग तेजी से बढ़ रही थी यदि थोड़ी देर और नींद न खुलती तो जलकर खाक हो जाते। पड़ोसियों की मदद से आग बुझाई गई। बात में पता चला की किसी ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगाई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गनपत के घर के सामने लगे कैमरों में घटना रिकार्ड हुई है। जिसमें 3 युवक गनपत के घर में घुसते दिख रहे है। संभावना जताई जा रही है कि युवक चोरी के इरादे से घुसे थे, लेकिन कोई सामान नहीं मिलने से नाराज होकर घर में आग लगा दी। आरोपियों के चेहरे स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस जांच एवं आरोपियों की पहचान में जुटी है।

## पश्चिम मध्य रेलवे की सर्वेच्च प्राथमिकता संरक्षा महाप्रबंधक

**सेफ्टी नियमों का पालन हेतु चलाए जा रहे संरक्षा : जीएम**

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल, रेल यात्री सुरक्षा के साथ साथ रेलवे ट्रैक के आसपास ड्यूटी पर तैनात रेलकर्मियों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। यात्रियों की संरक्षित यात्रा एवं सुरक्षित तरीके से उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रेल प्रशासन द्वारा संरक्षा संबंधी सभी उपायों को अपनाया जा रहा है। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के दिशा-निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में तीनों मंडलों जबलपुर भोपाल एवं कोटा के रेलकर्मियों को ड्यूटी के दौरान सेफ्टी जैकेट पहनने, कार्य के दौरान हेलमेट के प्रयोग के साथ साथ सभी संरक्षा नियमों का ध्यान रखते हुए विशेष अभियान चलाकर समस्त संरक्षा नियमों को सुनिश्चित किया जा रहा है। रेलकर्मियों को नियमों की जानकारी से संबंधित पम्फलेट/ब्रोशर आदि वितरित किए जा रहे हैं। इसके अलावा मुख्यालय एवं मण्डलों पर साप्ताहिक संरक्षा समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जा रहीं हैं। इन समीक्षा बैठकों में अवधि पार उपकरणों जैसे कि इलेक्ट्रिक लोको, एस एंड टी उपकरण, वैगन्स, ओएचई एवं सम्बंधित उपकरण इत्यादि सभी का उचित रखरखाव करने और उनकी समय रहते मरम्मत/ओवरहॉलिंग करवाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि विफलताओं को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि पमरे में बुनियादी ढांचों का उन्नयन कर कई रेलखंडों में ट्रेनों की अधिकतम गतिसीमा 130 किमी प्रतिघंटे तक कर दी है। ऐसे में सुरक्षा मानकों का पालन करवाने के उद्देश्य से संरक्षा अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत परिचालन और एस एंड टी विभागों के अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों तथा विशेषकर लोको पायलटों और सहायक पायलटों को पॉइंट, सिगनल और इंटरलॉकिंग गियर के डिस्कनेक्शन के दौरान गाडियों के संचालन की प्रकिया के उचित कार्यान्वयन हेतु 29 अप्रैल से 05 मई 2024 तक एक विशेष संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा स्टेशन मास्टरों एवं सहायक स्टेशन मास्टरों द्वारा स्टेशन पर ट्रेनों के परिचालन से सम्बंधित संरक्षा उपकरणों एवं रजिस्टरों में सेफ्टी डेटा जानकारियों को मैंटेनेड भी किया जाता है।

# कार शो-रुम के कबाड़ में लगी भीषण आग





बैटरी में ब्लास्ट होने से जली गाड़ियां..!

**जबलपुर।** भेड़ाघाट बायपास रोड स्थित महिन्द्रा के शो-रुम में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में भीषण रुप धारण कर लिया। आग लगने की खबर मिलते ही दमकल वाहन पहुंच गए, जिन्होने आग पर काबू पाया। ऐसा कहा जा रहा है कि जहां पर गाडि़यां रखी थी वहां पर एक बैटरी में ब्लास्ट हुआ है, जिससे कबाड़ में आग लगी है। आगजनी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। यहां पर रखी पांच गाडि़यां जलकर खाक हो गई है। बताया गया है कि भेड़ाघाट बायपास के समीप स्टार ऑटो-मोबाइल्स कार शोरूम है। शोरूम के पास ही वाहनों के कबाड़ है, जहां पर आज दोपहर अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रुप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग की लपटें ऊपर की ओर दिखाई देने लगी जिससे अफरातफरी मच गई। शोरुम में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारी निकलकर बाहर आ गए। आगजनी की घटना में कुछ गाडि़यां भी जलकर खाक हो गई है, जिससे लाखों रुपए का नुकसान होने की आशंका है। हालांकि मौके पर पहुंचे दमकल वाहनों ने आग पर काबू पा लिया था। घटनास्थल पर खड़े लोगों का कहना था कि कबाड़ में बहुत सी एक्सीडेंटल गाडि़यां खड़ी थी, संभवत एक कार की बैटरी में ब्लास्ट होने से आग लगी है।

## 8 महिलाओं सहित 11 आरोपी गिरफ्तार

# अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर पुलिस का छापा



**जबलपुर।** कटंगी पुलिस ने कूड़न मोहल्ला में अवैध कच्ची शराब की सूचना पर कार्रवाई की, यहां 8 महिलाओं सहित 11 आरोपी गिरफ्तार किए गए। जिसमें 476 लीटर कच्ची शराब और 30 लीटर जहरीली शराब जब्त की गई जबकि शराब बनाने के लिए तैयार 3 हजार लीटर लाहन व भट्टिया नष्ट कराई गई। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह को सीधे मुखबिर से सूचना मिली उसके बाद कटंगी पुलिस ने उनके आदेश पर हरकत मे आई और ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बेलखेड़ा टीआई सरोजनी टोप्पो चौकसे के नेतृत्व में थाना कटंगी, शहपुरा, पाटन, बेलखेड़ा और पुलिस लाईन स्टॉफ की टीमें बनाई गई, इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से टीमों ने संयुक्त रुप से कटंगी के वार्ड नंबर 1 स्थित कूड़न मोहल्ला में अवैध शराब उतारने के ठिकानों पर दबिश दी। यहां पर विशाल कुचबंधिया उम्र 32 वर्ष निवासी कूड़न मोहल्ला कटंगी को 60 लीटर कच्ची शराब एवं बलराम कुचबंधिया उम्र 35 वर्ष निवासी कूड़न मोहल्ला कटंगी को 56 लीटर कच्ची शराब, तथा शिवानी कुचबंधिया पिता प्रकाश कुचबंधिया उम्र 23 वर्ष निवासी कूडन मोहल्ला कटंगी को 60 लीटर कच्ची शराब एवं सरिता कुचबंधिया पति अशोक कुचबंधिया उम्र 35 वर्ष निवासी कूडन मोहल्ला कटंगी को 60 लीटर कच्ची शराब तथा कामिनी कुचबंधिया पति प्रकाश कुचबंधिया उम्र 40 वर्ष निवासी कुचबंधिया मोहल्ला को 60 लीटर कच्ची शराब एवं काजल कुचबंधिया पति ताल सिंह कुचबंधिया उम्र 41 वर्श निवासी कूड़न मोहल्ला कटंगी को 60 लीटर कच्ची शराब तथा सपना कुचबंधिया पति अमित उर्फ पिंटू कुचबंधिया उम्र 25 वर्ष निवासी कूड़न मोहल्ला को 60 लीटर कच्ची शराब एवं जीरा बाई कुचबंधिया उम्र 34 वर्ष निवासी कूड़न मोहल्ला को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया सभी ने अवैध शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### पति, पत्नी और बेटी बेच रहे थे जहरीली शराब

इसी प्रकार कटंगी कूड़न मोहल्ला में अन्नो बाई कुचबंधिया और उसके पति झाम सिंह कुचबंधिया तथा बेटी राखी कुचबंधिया के यहां दबिश देकर 30 लीटर कच्ची जहरीली शराब जब्त की गई। आरोपी ने बताया कि 25 दिन पहले शराब उतरी थी और उसे गड्डे में दबा कर रखा था। आज ही बेचने के लिये निकाला। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब और उसकी पत्नी के कब्जे से 5 लीटर और बेटी के कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1), 49 ए आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



## गुरु मोहल्ला में भागवत कथा के मूल पाठ का आयोजन

# भागवत कथा का श्रवण दूर करता है कष्टों को: अमित तिवारी

**पाटन।** जबलपुर के पाटन में बबेले निवास पर भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में नाहर मऊ सागर से पधारे भागवत आचार्य अमित तिवारी के मुखारविंद से अमृत वचन की वर्षा हो रही है। भागवत का मूल पाठ यहां पर किया जा रहा है जिसे बबेले परिवार के द्वारा श्रवण किया जा रहा है। सागर नाहर मऊ से पधारे भागवत आचार्य अमित तिवारी के साथ विकास अवस्थी के सानिध्य में भगवान शंकर का अभिषेक भी किया जाता है। जिसमें पूरे परिवार के सदस्य में शामिल होकर पुण्य लाभ लेते हैं। परिवार के पूर्वजों की पुण्य स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित है जिसमें परिवार के लोग शामिल होकर पुण्य लाभ ले रहे हैं। भागवत आचार्य अमित तिवारी का कहना है कि भागवत कथा का मूल पाठ सुनना सभी के लिए विशेष पुण्य फल देने वाला है और यह सभी के कष्टों को हरता है और पूर्वजों की आत्मा को भी शांति देता है।

# विश्व पुस्तक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**सिहोरा।** विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को सीएम राइस पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में बच्चों को पुस्तक का महत्व और उनकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। जहां किताबें हमें विभिन्न दुनियाओं में ले जाती हैं हमारे ज्ञान का विस्तार करती हैं और नए विचारों को जानने और समझने का अवसर देती हैं।इस अवसर पर प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने बच्चों को जीवन में पुस्तकों के योगदान को विस्तार से बताया हमारा प्रयास होगा कि विद्यालय की लाइब्रेरी को अपडेट करते रहेंगे जिससे बच्चों को उसका लाभ मिले।इस कार्यक्रम में शैलेन्द्र मिश्रा,रविप्रकाश मिश्रा,वर्षा साहू,सोनल परोहा,निधि शुक्ला,रजनी कोरी शिक्षिका उपस्थित थी।बच्चे में काफी उत्साह देखा गया।

# सीजीएचएस के स्थापना दिवस पर हुआ गरिमामय आयोजन

**जबलपुर।** माननीय राष्ट्रपति, सम्पूर्ण संसद, राज्यपाल, उच्च न्यायालय, डाक, दूरसंचार विभाग तथा अर्द्ध सैनिक बलों सहित केन्द्र सरकार के सेवानिवृत्त, सेवारत अधिकारियों, कर्मचारियों के स्वास्थ्य की निगरानी एवं रक्षा में संजीवनी के रूप में स्थापित केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) का स्थापना दिवस वरिष्ठ नागरिकों (पेंशनर्स) द्वारा विजन जबलपुर के तत्वावधान में 01 मई को शाम 05 बजे से होटल कल्चुरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने कहा कि सीजीएचएस का स्थापना दिवस जबलपुर में पहली बार मनाया जा रहा है और अब निरंतर मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीसीएफ के कार्यकारी निदेशक राजीव गुप्ता ने समस्त सीजीएचएस के डॉक्टर्स एवं स्टाफ को अनवरत सेवा हेतु बधाई दी। विशिष्ट अतिथि राजीव जैन एवं हेमंत पैकरा, उपमहानिदेशक-द्वय फील्ड यूनिट, वीएफजे ने सीजीएचएस योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। सीजीएचएस के अपर निदेशक डॉ. एके सुधांशु ने सीजीएचएस योजना पर प्रकाश डालते हुए उसके लाभ से उपस्थितजनों को अवगत कराया तथा लाभार्थियों की सुविधाओं को और अधिक विस्तार प्रदान करने का आश्वासन दिया। डॉ. पंकज पाटिल ने भी सीजीएचएस की सुविधाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। बतौर विशिष्ट अतिथि पधारे टीके विद्यार्थी पुलिस उपमहानिरीक्षक ने सीजीएचएस परिवार को स्थापना दिवस की बधाई दी तथा वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा देने हेतु चलाई जा रही अभिनव योजना "आस्था" से परिचित कराया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवाओं हेतु सीजीएचएस मुख्यालय एवं डिस्पेंसरी के स्टाफ मेम्बर्स को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में सभी डिस्पेंसरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरपी रावत, डॉ. वीके झारिया, डॉ. पंकज पाटिल, डॉ. सुधांशु रंजन, डॉ. मीना दुबे एवं डॉ. डी मानवटकर सहित समस्त सीजीएचएस स्टाफ उपस्थित रहा।



# मई दिवस पर पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष साथी शलभ भदोरिया के निर्देशन में जिला इकाई सिहोरा द्वारा 21 सूत्री मांगों को लेकर माननीय राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा रूपेश सिंघई को जिला अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे महासचिव प्रवीण कुररिया के नेतृत्व में समस्त पत्रकार साथियों ने ज्ञापन सौंपा। इस इस अवसर पर पत्रकार साथी सतेन्द्र तिवारी, करीम खान,राहूल श्रीवास,विजय तिवारी,जगदीश ठाकुर,सुनील तिवारी,अंकुर गुप्ता,प्रशांत बाजपेई, गंगा पटेल सहित अनेक पत्रकार उपस्थित थे।

## रिपेयरिंग की दुकान में घरेलू गैस रिफलिंग करने वाला गिरफ्तार

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत स्टेशन रोड स्थित रिपेयरिंग की दुकान में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस रिफलिंग कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्ज से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर और 1 इलेक्ट्रानिक तराजू जब्त किया है।

मदनमहल थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि स्टेशन रोड मदनमहल निवासी 48 वर्षीय अतुल लखेरा गत शाम मदनमहल रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित अपनी रिपेयरिंग की दुकान में घरेलू गैस सिलेंडर रखकर ग्राहकों को अधिक दाम में छोटे गैस सिलेण्डर भरकर बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अतुल लखेरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक गैस सिलेण्डर इंडेन कम्पनी का, 1 इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, गैस भरने वाला पाईप रेग्युलेटर एवं वॉल जब्त की है। पुलिस ने आरोपी अतुल लखेरा के विरूद्ध धारा 285 तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# अंतरजातीय विवाह करने पर समाज ने कर दिया हुक्का पानी बंद



**जबलपुर।** भेड़ाघाट ललपुर निवासी एक किसान द्वारा अपनी बेटी का अंतरजातिय विवाह करने पर गांव वालों ने उसका और उसके परिवार वालों का हुक्का पानी बंद कर दिया यहां तक कि मंदिर और मुक्तिधाम तक जाने में रोक लगा दी। पीड़ित किसान ने अपने परिवार के सदस्यों पर यह आरोप लगाया है कि और कलेक्टर को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई। पुरुषोत्तम जागेश्वर राय ने अपनी बेटी का विवाह यादव समाज के लड़के से पिछले साल से की थी। जिस पर उसके बड़े भाई कौड़ी लाल राय भागचंद राय एवं चमन राय ने एतराज जताया और शादी में शामिल नहीं हुए। सभी अंतरजातीय विवाह के खिलाफ थे। और इन्ही लोगों ने सामाज के अन्य लोगों को बुलाया और बैठक कर उनका हुक्का पानी बंद करने का फैसला कर लिया। इतना ही नहीं धार्मिक स्थलों में जाने और समाज में किसी की मृत्यु होने पर मुक्तिधाम में जाने पर भी रोक लगा दी। समाज के इस फैसले से उसके संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। गांव के लोग यदि उसके परिवार से बात करते है या संबंध रखते है उन्हें भी सामाजिक रुप से बहिष्कृत करने की धमकी दी जा रही है। इस पर कार्रवाई करते हुए न्याया की मांग की है।

# कॉम्बिग गश्त में 287 वारंटी और 1 तड़ीपार गिरफ्तार




**जबलपुर।** अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के आदेश पर मंगलवार की देर रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक जिले में कॉम्बिग गश्त की गई। इस दौरान सभी थाना प्रभारी और उनका स्टॉफ अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मैदान में उतरा और अपराधियों की धरपकड़ की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 100 गैर म्यादी वारिटयों एवं 187 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया तथा 150 जमानती वारंट तामील किए गए। वहीं रांझी पुलिस ने इंदिरा मोहल्ला भूमिया नगर में जिला बदर के आरोपी सत्यम कुशवाहा को घर से गिरफ्तार किया। इसी प्रकार देर रात में आने जाने वालों से रोक कर पूछताछ की गई तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब खोरी करने वाले एवं अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 29 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 31 लीटर कच्ची तथा 27 पाव देशी, विदेशी शराब जप्त की गयी तथा 03 आरोपियों को 02 चाकू एवं 01 तलवार के साथ पकड़ा गया। कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रत्येक थाने में 2-3 टीमें बनाई गई थी।

## 31 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

# बच्चों के व्यक्तिव को मिलेगा नया आयाम



**जबलपुर।** "खेल भावना, नियम, अनुशासन, समय की पाबंदी, आपसी सहयोग, परस्पर मित्रवत व्यवहार और प्रशिक्षकों के प्रति सम्मान" के पालन की शपथ के साथ आज एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्राrय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर पाण्डुताल मैदान में औपचारिक रूप से प्रारंभ हो गया। शिविर का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव सचिव खेल राजीव गुप्ता ने किया। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारी, विभिन्न खेलों के प्रभारी, प्रशिक्षक और शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागी उपस्थित थे।

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव खेल राजीव गुप्ता ने शिविर का उद्घाटन करते हुये कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ किसी खेल का प्रशिक्षण भर ही नहीं है, बल्कि प्रतिभागी बच्चों के लिए सार्वभौमिक विकास का एक नया रास्ता खोलना भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शिविर में प्रतिभागी बच्चों के व्यक्तित्व को एक नया आयाम मिलेगा। महासचिव ने कहा कि खेल प्रशिक्षण शिविर को आयोजित करने का एक अन्य उद्देश्य सामाजिक सरोकार भी है। इस शिविर में विद्युत परिवार के अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों के बच्चे भी शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में विद्युत कंपनियों के अधिकारियों व कार्मिकों के बच्चों के अलावा उनके आश्रित और बाहरी बच्चे भी भाग ले रहे हैं। नगर के सबसे बड़े ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 13 खेलों क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, वालीबाल, कुश्ती, शरीर सौष्ठव.फिजिकल फिटनेस, ताईक्वान.डो, शूटिंग, एरोबिक्स और स्केटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में केन्द्राrय क्रीड़ा एवं कला परिषद के वरिष्ठ खिलाड़ी एवं अनुभवी प्रशिक्षक अपनी सेवाएं देंगे।

### *मेहनत एवं लगनशीलता सफलता की सीढ़ी : जिज्ञासु अग्रवाल*

**जबलपुर।** जीवन में किसी महत्वपूर्ण उद्देश्य की पूर्ति हेतु अथक परिश्रम, लगनशीलता एवं लक्ष्य के प्रति केंद्रित होना अत्यंत आवश्यक है। इस तरह की अन्य महत्वपूर्ण सुझाव एवं जानकारी वर्तमान में यूपीएससी 2023 में चयनित जिज्ञासु अग्रवाल ने श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज में हुए एक सेमिनार में व्यक्त की। विदित हो कि जिज्ञासु अग्रवाल जो कि शिवनगर जबलपुर के रहवासी हैं, ने बीटेक माइनिंग में आईआईटी धनवाद से करने के बाद कोल इंडिया लिमिटेड में कुछ समय नौकरी की, तद्दोपरांत अथक प्रयास के द्वारा यूपीएससी परीक्षा में सफलता अर्जित की। सेमिनार में उपस्थित विभिन्न संकायों, इंजीनियरिंग आर्टस एवं कार्मस सहित अन्य छात्र-छात्राओं की शंकाओं एवं उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी उन्होंने किया। सेमिनार के उद्घाटन अवसर में ग्रुप डॉयरेक्टर डॉ. योगेश मोहन दुबे एवं प्राचार्य डॉ. शैलेष गुप्ता ने जिज्ञासु सहित उनके बड़े भाई शुभांशु जो कि सिंगापुर में कार्यरत हैं, उनके पिताश्री प्रहलाद अग्रवाल स्वीप समन्वयक जबलपुर प्रमोद श्रीवास्तव का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं सम्मान किया। सेमिनार संयोजक प्रोफेसर राहुल राठौर ने जिज्ञासु का संक्षिप्त जीवन परिचय एवं कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया।




**श्री महेश प्रसाद सोनी**- राइट टाउन एमएलबी स्कूल रोड निवासी श्री महेश प्रसाद सोनी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गेश जायसवाल**- सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री दुर्गेश जायसवाल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक विश्वकर्मा**- गाडरवारा नरसिंहपुर निवासी श्री अशोक विश्वकर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार गजनानी**- झामनदास चौक लालमाटी निवासी श्री राजकुमार गजनानी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिव राम पासी**- गली नं. 1 सदर होली चौक निवासी श्री शिव राम पासी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामवती**- ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री राम लाल की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामवती (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अजीत पुरोहित**- नेपियर टाउन निवासी श्री अजीत पुरोहित (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**उमाकांत सोंधिया**- करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी उमाकांत सोंधिया (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अंजू लता पाठक**- आनंद कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री राजेंद्र पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती अंजू लता पाठक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबू लाल रजक**- आईटीआई राजीव गांधी बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री बाबू लाल रजक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ललित दीवान**- पुरानी पीपी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री ललित दीवान (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र पासी**- शीतलामाई निवासी श्री राजेंद्र पासी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ज्ञान चंद घनघोरिया**- चौथा मील तिलहरी मंडला रोड निवासी श्री ज्ञान चंद घनघोरिया (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उधम दास ठारवानी**- दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री उधम दास ठारवानी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



# इंडियन नेवी की बड़ी कामयाबी: पनडुब्बी रोधी सुपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण, अब समंदर की निगरानी होगी स्मार्ट

एजेंसी ▸▸ बालासोर

भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मामले में एक और बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी रोधी मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया। बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल सिस्टम ने उड़ान भरी। यह अगली पीढ़ी का मिसाइल सिस्टम है, जो लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम पर आधारित है। इसे डीआरडीओ द्वारा ही डिजाइन और विकसित किया गया है।

**1** भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर किया सफल परीक्षण

**2** लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम को डीआरडीओ ने विकसित और डिजाइन किया

### रक्षा मंत्री ने कहा-नौसेना की ताकत और बढ़ेगी

**उत्कृष्टता के पथ पर अग्रसर डीआरडीओ**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्मार्ट के सफल उड़ान-परीक्षण पर डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रणाली के विकास से हमारी नौसेना की ताकत और बढ़ेगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने पूरी स्मार्ट टीम के सहक्रियात्मक प्रयासों की सराहना की और उत्कृष्टता के पथ पर आगे बढ़ने का आग्रह किया।

### सुपरसोनिक मिसाइल की खासियत

पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल सिस्टम बेहद अहम है। यह मिसाइल लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। स्मार्ट मिसाइल को युद्धक जहाज के साथ ही तटीय इलाकों से भी लॉन्च किया जा सकता है। यह मिसाइल अपनी अधिकांश उड़ान कम ऊंचाई पर हवा में पूरी करती है और अपने लक्ष्य के नजदीक जाकर मिसाइल से टॉरपीडो रिलीज होकर पानी के भीतर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। कैनिस्टर आधारित इस मिसाइल सिस्टम में कई आधुनिक सब-सिस्टम हैं, जिनमें दो चरणीय सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम, इलेक्ट्रोमैकेनिकल एक्टुएटर सिस्टम, नेविगेशन सिस्टम आदि शामिल हैं। यह सिस्टम एक कम वजनी टॉरपीडो को बतौर पेलोड साथ लेकर उड़ान भरता है, जिसमें पैराशूट आधारित रिलीज सिस्टम होता है। आज के परीक्षण में टॉरपीडो के मिसाइल सिस्टम से अलग होने और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की गई।

**खबर संक्षेप**

### बारिश में सऊदी के कई शहर हुए पानी पानी



**दुबई।** बीते 24 घंटे की हुई मूसलाधार बारिश में सऊदी के कई शहर डूब गए हैं। आगे भी ऐसी स्थिति बने रहने की चेतावनी जारी की गई है। इस बारिश में सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका अल-उला और अल-मदीना है। अल-मदीना में मुस्लिमों का सबसे पवित्र स्थल मस्जिद-ए-नबवी है, जहां की वीडियो काफी वायरल हो रही है। इस वीडियो में मस्जिद के अंदर तेज बारिश के साथ पानी भरा हुआ दिख रहा है।

### मणिपुर में हंगामा, भीड़ को हटाने हवाई फायरिंग



**बिष्णुपुर।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सेना के एक गश्ती दल को पुलिस की वर्दी में 11 हथियारबंद लोग मिले। पुलिस ने कहा कि सैनिकों द्वारा पुरुषों को हिरासत में लेने और उनके हथियार जब्त करने के बाद महिला प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उन्हें घेर लिया और हथियार वापसी की मांग करने लगे। इसी बीच हंगामा शुरु हुआ और सुरक्षाबलों ने समझाने की कोशिश की लेकिन वे उग्र होते चले गए।

### ड्रोन और हेलीकॉप्टर तलाश रहे आतंकी




**उधमपुर।** बसंतगढ़ में वीडीजी सदस्य की हत्या कर जंगलों में फरार आतंकियों पर सुरक्षाबलों का शिकंजा कसता जा रहा है। जंगल में तीन तरफ से घेराबंदी की है। कठुआ के ढग्गर, बसंतगढ़ व डोडा जिले की ओर से तलाशी अभियान चल रहा है। बुधवार को चौथे दिन भी तलाशी अभियान जारी है। इस दौरान मानव रहित हवाई वाहन (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) का भी प्रयोग किया जा रहा है।

पढ़ाई के लिए कनाडा गए गोल्डी ने अपराध की दुनिया में रखा था कदम

# मूसेवाला मर्डर केस के मास्टरमाइंड गोल्डी बरार की अमेरिका में हत्या?

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बरार की मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि लॉरेंस गैंग के सबसे खास गुर्गों में शामिल गोल्डी को अमेरिका में गोलियों से भून दिया गया है।



गोल्डी बरार



सिद्धू मूसेवाला

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उसकी हत्या की जिम्मेदारी उसके विरोधी गैंग के डल्ला-लखबीर ने ली है। हालांकि गोल्डी बरार की मौत की अधिकारिक पुष्ट अभी नहीं हो सकी है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध के तौर पर गोल्डी बरार की पंजाब पुलिस के साथ अन्य राज्यों की पुलिस को भी तलाश थी। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही केंद्र सरकार की ओर से गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया था।

गोल्डी बरार का चचेरा भाई गुरलाल बराड़ लॉरेंस बिश्नोई का सबसे करीबी था। गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अब नई जंग की शुरुआत है, सड़कों पर खून नहीं सूखेगा। इस बीच गोल्डी बराड़ स्टडी वीजा पर कनाडा पढ़ाई करने जा चुका था। मगर गुरलाल की हत्या के बाद वह जरायम की दुनिया में कूद पड़ा। कनाडा से ही गोल्डी ने हत्याओं की साजिश रचनी शुरू की और कई वारदातों को अपने गुर्गों से अंजाम दिलवाया। इन्हीं में एक वारदात थी गुरलाल सिंह की हत्या। 18 फरवरी 2021 को पंजाब के फरीदकोट में जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गुरलाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोल्डी बराड़ ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने की खातिर ही यूथ कांग्रेस नेता को मरवाया था।

*गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी गोल्डी मारा गया है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका में गोली मारी गई है। हत्या की जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है।*

**कनाडा में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में था बरार**

**मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल**

**बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से था संबंध**

**मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी**

*बहुचर्चित सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में मुख्य वांटेड रहे गोल्डी बरार की हत्या पर कई जानकारियां सामने आ रही है। गोल्डी बरार को पूर्व में मूसेवाला हत्या का मुख्य संदिग्ध माना गया था। बाद में गोल्डी ने व्यक्तिगत रूप से हत्या करने की बात स्वीकार की। इसके पीछे उसने बताया था कि उसने 2022 में पंजाब में एक छात्र नेता की हत्या के प्रतिशोध के रूप में मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी।*

**आतंकवादी घोषित किया गया था**

मूसेवाला हत्याकांड के बाद गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया गया था। गृह मंत्रालय की ओर से गोल्डी के बारे में कहा गया था कि सतविंदर सिंह, जिसे सतिंदरजीत सिंह या गोल्डी बरार के नाम से भी जाना जाता है, का संबंध बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से था और उसने कई हत्याओं, हथियारों की अवैध तस्करी और चरमपंथी गतिविधियों में भी शामिल रहा।

**विदेश से नाचा रखा था आतंक**

गोल्डी बरार मूल रूप से पंजाब के मुक्तसर का रहने वाला था। उसके पिता पहले पंजाब पुलिस में सेवा दे चुके हैं। 2017 में छात्र वीजा पर कनाडा में स्थानांतरित होने के बाद, गोल्डी बरार प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने और धनी व्यक्तियों से पैसे ऐंठने जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। मई 2023 में, गोल्डी बरार को कनाडा में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में 15वें स्थान पर रखा गया था। उसे हत्या, साजिश, अवैध बन्दूक व्यापार और हत्या के प्रयास से संबंधित आरोपों के कारण सूची में जोड़ा गया था। विदेश में रहकर भी वह पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में उसका फिरौती, वसूली और कई हत्याओं से संबंध रहा।

आईसीजे का रोक लगाने से इनकार

## इजराइल को जर्मनी देता रहेगा हथियार

इजराइल को अमेरिका 65.6 जर्मनी 29.7 इटली 4.7% सप्लाई करता है हथियार



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) ने इजराइल को जर्मनी द्वारा की जाने वाली हथियार सप्लाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में यह मामला दायर किया था और आरोप लगाया था कि जर्मनी ने इजराइल को सैन्य उपकरण भेजकर संयुक्त राष्ट्र नरसंहार संधि का उल्लंघन किया है लेकिन आईसीजे ने इसके खिलाफ फैसला दिया है।

**अंतिम फैसला आने में लग सकते हैं कई साल**

*आईसीजे से अंतिम फैसला आने में वर्षों लग सकते हैं लेकिन यह फैसला आपातकालीन उपायों को तेजी से लागू करने के लिए दिया गया है। प्रधान न्यायाधीश नवाफ सलाम ने नीदरलैंड के हेग स्थित अदालत में यह फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान जर्मन सरकार ने कहा था कि यह मुकदमा अनुचित है। दूसरी तरफ इजराइल भी मजबूती के साथ इससे इनकार करता रहा कि उसका सैन्य अभियान नरसंहार संधि का उल्लंघन है।*

**इजराइल ने आरोप किए खारिज**

इस बीच, इजराइल ने हर बार की तरह नरसंहार के आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि गाजा में उसकी सैन्य कार्रवाई सिर्फ और सिर्फ हमास को नष्ट करने पर केंद्रित है। बता दें कि निकारागुआ ने मार्च की शुरुआत में हेग में यह मामला लाया था और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीशों से अनुरोध किया था कि वे बर्लिन को इजराइल को हथियार और अन्य सहायता प्रदान करने से रोकने के लिए आपातकालीन आदेश जारी करें। याचिका में यह भी कहा गया था कि जर्मनी ने संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी, यूएनआरडब्ल्यूए को फंडिंग बंद करके संयुक्त राष्ट्र नरसंहार संधि का उल्लंघन किया है।

बड़े काम का है रेलवे का यह नियम

## रेलवे परिसर में कहीं भी घायल हुए तो व्यक्ति को मिलेगा मुफ्त इलाज




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर रेलवे स्टेशन या परिसर में कहीं पर भी किसी के साथ कोई घटना होती है और व्यक्ति घायल हो जाता है तो उसका इलाज भारतीय रेलवे कराएगा। भले ही पीड़ित व्यक्ति के पास रेलवे का कोई टिकट हो या न हो। रेलवे की पहली प्राथमिकता उस व्यक्ति का तुरंत इलाज कराना है।

**घायल के पास टिकट नहीं होगा तो भी मिलेगा इलाज**

रेल मैन्युअल के अनुसार अगर कोई व्यक्ति ट्रेन से सफर करने के लिए प्लेटफार्म या स्टेशन पहुंचता है, यहां तक कि स्टेशन परिसर तक पहुंचा जाता है। उस दौरान किसी के साथ कोई घटना हो जाती है और वो घायल हो जाता है। उस व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर तुरंत उपचार कराने की जिम्मेदारी भारतीय रेलवे की है। भले ही उस व्यक्ति के पास किसी तरह का टिकट हो या न हो। रेल मैन्युल के अनुसार परिसर पर आने वाल प्रत्येक व्यक्ति रेलवे का संभावित यात्री हो सकता है। अगर कोई व्यक्ति बगैर टिकट है तो रेलवे उस पर कार्रवाई बाद में करेगा।

## फिलिस्तीनी-इजराइल समर्थक भिड़े, हंगामा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के यूसीएलए परिसर में फिलिस्तीनी और इजराइल समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई है। नियंत्रण के लिए मौके पर पुलिस पहुंची है। झड़प बुधवार तड़के एक शिविर के ठीक बाहर हुईं, जहां फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा के लिए अवरोधक लगाए थे। इजराइल समर्थक प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक-दूसरे को लात मारी और लाठियों से हमला किया। इससे पहले न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय के हैमिल्टन हॉल में जमा हुए 30 से 40 फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने मंगलवार रात परिसर से हटा दिया था।



**मनीषा को ताज, राधिका और जेस्मिन रहीं सेकंड रनरअप**



*कुल्लू। मनीषा ठाकुर के सिर स्प्रिंग क्वीन 2024 का ताज सजा है। लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में हुए फाइनल राउंड में मनीषा ठाकुर ने अन्य प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। स्प्रिंग क्वीन की पहली रनरअप राधिका ठाकुर और सेकंड रनरअप जेस्मिन ठाकुर रहीं।*

चांद पर बर्फ ही बर्फ! भारतीय वैज्ञानिकों ने किया कमाल

# चंद्रमा की सतह के नीचे बर्फ पर नए शोध ने सबको चौंकाया



एजेंसी ▸▸ बेंगलुरू

चांद पर पानी की खोज से जुड़े नए तथ्य सामने आए हैं। भारतीय और अंतराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक हालिया अध्ययन से इस बात की उम्मीद जगी है कि चंद्रमा के ध्रुवीय गड्ढों में पहले के अनुमान से काफी अधिक सतह पर पानी बर्फ हो सकती है। इसरो ने बुधवार को कहा है कि आईएसपीआरएस जर्नल ऑफ फोटोग्रामेट्री एंड रिमोट सेंसिंग में प्रकाशित शोध से पता चलता है कि सतह के कुछ मीटर नीचे बर्फ की मात्रा सतह की तुलना में 5 से 8 गुना अधिक है।

**चंद्रमा पर वाष्पशील पदार्थों का पता लगाना होगा आसान**

यह दबी हुई बर्फ चंद्रमा पर लंबे समय तक मानव उपस्थिति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) के टी चक्रवर्ती ने कहा, 'इस बर्फ के वितरण और गहराई की सटीक जानकारी भविष्य में इन चंद्र वाष्पशील पदार्थों का पता लगाने और नमूना लेने के लिए लैंडिंग स्थलों का चयन करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) पर सवार सात उपकरणों से डेटा का विश्लेषण करते हुए टीम ने पाया कि उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ है। माना जाता है कि बर्फ की उत्पत्ति प्राचीन चंद्र ज्वालामुखी के दौरान निकलने वाली गैस से हुई थी।

**भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का किया उपयोग**

**उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ**

### चांद पर पानी मिलने की संभावना

*भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का उपयोग करते हुए निकाले गए निष्कर्ष संकेत देते हैं कि कुछ ध्रुवीय क्रेटर में बर्फ जमा हो सकती है। इसरो का कहना है कि नया अध्ययन चंद्रमा के वाष्पशील पदार्थों के इन-सीटू जांच के लिए उसकी भविष्य की योजनाओं का समर्थन करता है। पानी मानव जीवन के लिए एक बहुमूल्य संसाधन है। ऐसे में चंद्रमा की सतह के ठीक नीचे से बर्फ का होना एक नई संभावना पैदा करता है। चांद पर पानी की खोज को लेकर दुनियाभर के वैज्ञानिक सालों से खोज में जुटे हैं। इसको लेकर अलग-अलग तरह की जानकारी भी सामने आती रही है।*

ओडेसा में किया मिसाइल हमला

## रूसी हमले में 5 की मौत, 30 घायल 'हैरी पॉटर कैसल' तबाह

एजेंसी ▸▸ कीव

रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, एक बार फिर रूस की तरफ से मिसाइल हमला किए जाने की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, काला सागर के बंदरगाह शहर ओडेसा में मिसाइल हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हमले में कई आवासीय भवनों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों के अनुसार, इससे



पहले रूसी सीमा से सिर्फ 30 किमी दूर स्थित यूक्रेनी शहर खार्किव पर ग्लाइड बमों से हमला किया गया था। दो नागरिक घायल हो गए थे। हमले में बहुमंजिला आवासीय इमारत भी क्षतिग्रस्त हुई थी। यूक्रेन दो वर्षों से रूसी आक्रमण को रोक रहा है। रूसी सेना आए दिन खार्किव और ओडेसा के प्रमुख शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागती रहती है।

# वैष्णव अखाड़ों के संत, महात्माओं ने उमाघाट में किए माँ नर्मदा के दर्शन

**नर्मदा परिक्रमा के माध्यम से दे रहे सनातन धर्म रक्षा का संदेश**

**जबलपुर।** वैष्णव आखाड़ों के संत, महात्माओं ने गुजरात के मालसर से नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ की है, जो कि जबलपुर पहुंची। नर्मदा परिक्रमा करते यहां पर पहुंचे साधु, संत और महात्माओं ने उमाघाट में स्नान किया और विश्व कल्याण, सनातन धर्म की रक्षा, गौ रक्षा, गंगा, युमना और नर्मदा की रक्षा और इन्हें निर्मल बनाने का संदेश दिया। उमाघाट में नर्मदा महाआरती के संयोजक ओंकार दुबे के नेतृत्व में महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने महाआरती की। जबलपुर पहुंचे सभी संत महात्मा गीताधाम में नरसिंह पीठाधीश्वर महाराज के सानिध्य में ठहरे हुए है। इस दौरान नर्मदा महाआरती में महामण्डलेश्वर राधे-राधे बाबा महाराज, स्वामी पुरुषोत्तमदास महाराज, स्वामी पवन दास महाराज, स्वामी सीताराम दास महाराज, स्वामी राम गोपाल दास महाराज, स्वामी अनूपदास महाराज आदि मौजूद रहे।





## मजदूर दिवस पर शोषण के खिलाफ संघर्ष का ऐलान

**श्रम विरोधी नीतियों से आने वाला समय चुनौतीपूर्ण**

**जबलपुर।** बुधवार को पूरे जिले में मजदूर दिवस मनाया गया। विभिन्न लेबर यूनियनों, सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों ने इस दिन विविध कार्यक्रम आयोजित किये। वर्तमान में मजदूरों की दशा और भविष्य की दिशाथन किया। मजदूरों का जीवन कैसे बेहतर हो इस दिशा में विचार किया। राष्ट्र के नव निर्माण में मजदूरों की अहमियत को सराहा गया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्य के दौरान जान गवाने दिवंगत मजदूरों को याद किया गया। मजदूर दिवस पर निर्माणियों में विभिन्न आयोजन किए गए। मजदूर दिवस पर निर्माणियों के निगमीकरण के खिलाफ भी प्रदर्शन किया गया।



### आने वाला सयम चुनौतीपूर्णः एआईडीईएफ

बुधवार की सुबह आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) स्टेट एरिया में निकाली गई प्रभात फेरी में निगमीकरण के बच्चे अपने नन्हें हाथों में निगमीकरण के विरोध में तख्तियां लिए नारेबाजी करते नजर आए। प्रभात फेरी स्टेट एरिया में भ्रमण करने के उपरांत खमरिया बाजार में आकर समाप्त हुईं।

### हर साल बढ़ रहीं मौतें

पुलिस रिकॉर्ड में हर साल 8 से 10 मजदूरों की मौत कार्य के दौरान होती हैं। 2020 में 13 मजदूरों की काम करने के दौरान मौत हुई। इसमें हार्वेस्टर के नीचे दबने से एक, करंट लगने से चार और ऊंचाई से गिरने से 3 मजदूरों की मौत हुई थी। इसी तरह 2021 में भी 8 मजदूरों की मौत हुई। 2022 में 25 मौतें हुईं। यही सिलसिला साल-दर-साल बढ़ रहा है। सबसे अधिक करंट और ऊंचाई से गिरने पर सिर में आई चोट के चलते मजदूर जान गंवाते हैं। यहां गौरतलब है की कार्य के दौरान होने वाली अधिकांश मौतें में ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा मजदूरों को भुगतना पड़ता है।

### जीसीएफ में मनाया गया मजदूर दिवस

अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर 1 मई को सुबह 7:30 बजे से ही जीसीएफ के मजदूर कर्मचारी सतपुला स्थित मंच पर एकत्र होने लगे 8:00 बजे तक सैकड़ों की तादाद में कर्मचारी मंच पर एकत्रित हो चुके थे, जहां मजदूर एकता जिंदाबाद मजदूर, मजदूर भाई-भाई किनारे से मजदूरों की आवाज बुलंद की मजदूर संघ हथोड़ा के अध्यक्ष मिठाई लाल के जबलपुर में न होने के कारण कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहित यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम में राजा पांडे, उत्तम विश्वास, अमित चंदेल, आशीष विश्वकर्मा, बीरबल, राहुल गुप्ता, पार्थ ओझा, अमित गुप्ता, इत्यादि कार्यसमिति सदस्य उपस्थित थे कार्यकर्ताओं में राजेंद्र, अजय पांडे, सोनू पापा चंद, प्रदीप शुक्ला, कृष्णा, सुरेश, राजेश, सागर कनौजिया विजय सुदित आदि ने कार्यक्रम में सराहनीय योगदान दिया।

## जाबालि ऋषि और काशी महाराज की मूर्तियों की स्थापना आज

**जबलपुर।** आज 2 मई को नर्मदा के तट पर जाबालि ऋषि और काशी महाराज चंद्र लोक आश्रम लम्हेटी की की मूर्ति स्थापित की जायेगी। जाबालि ऋषि की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विश्व में पहली बार हो जबलपुर में हो रही है। दोनों मूर्तियां न्यू भेड़ाघाट रोड स्थित श्री परमहंस आश्रम चन्द्रलोक ग्राम लम्हेटी में एक दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजन के अंतर्गत स्थापित हो रही हैं। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा लम्हेटी घाट के सत्गुरू परम हंस स्वामी करेंगे। एक दिवसीय आयोजन में नर्मदा तीर्थ के सभी संतों का समागम होगा। लम्हेटी घाट स्थित परमहंस आश्रम भृगु क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध है। मान्यता है कि भृगु ऋष व



जाबालि ऋष की ने यहां वर्षों तक तपस्या की थी। चंद्र लोक आश्रम लम्हेटी के काशी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य मंदिर व जाबालि ऋष घाट का निर्माण किया गया है। एक दिवसीय आयोजन में नर्मदा तट के संत आध्यात्मक विचार विमर्श करेंगे। श्री परमहंस आश्रम चन्द्रलोक के समस्त भाविक जन द्वारा इस अवसर भंडारा व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 1:00 बजे से किया गया है। भाविक जन ने नगर के सभी धर्मालुओं से इस देव दुर्लभ क्षणों के साक्षी बनने का अनुरोध किया है।

## सबका एक ही स्वरूप हैं भगवान शिव : पं. मिथलेश तिवारी

**जबलपुर।** बैशाख माह के उपलक्ष्य में बिलहरी में शिव महापुराण तीसरे दिवस व्यासपीठ से पं. मिथलेश तिवारी ने दक्ष प्रजापति का यज्ञ विध्वंस एवं देवताओं का शिव जी से प्रार्थना करना, तारकासुर की उत्पत्ति एवं माता पार्वती जी के जन्म का वर्णन करते हुए कहा कि न तेरा न मेरा, न इसका न उसका, सबका एक ही स्वरूप शिवजी हैं और आखिरी स्वरूप भगवान राम हैं। यहाँ पार्थिव शिवलिंग नर-नारियों द्वारा निर्मित कर उनका रुद्राभिषेक करने का क्रम प्रतिदिन जारी है। शिवपुराण के चौथे दिवस 01 मई को पार्वती लीला व शिव विवाह कथा का वर्णन किया गया।इस अवसर पर पं. सौरम गर्ग, पं. मोहन पाण्डे, मंगलराम महावर, ब्रजलता महावर, मनोज श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अरूण स्वामी, ललिता महावर, मीरा महावर, लवीना महावर, निवेदिका दास, अनीता महावर, पूजा महावर, श्वेता महावर, नीलू दामन, सुमन, आभा श्रीवास्तव, आदित्य महावर, नारायण दुबे, राजा गर्ग, राजेश दुबे, संदीप महावर, स्वीटी महावर आदि ने श्रद्धालु भक्तजनों से कथा श्रवण कर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।





## श्रीपाल समाज का स्थापना दिवस, पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**जबलपुर।** श्रीपाल (गड़रिया) समाज कल्याण संगठन जबलपुर के सचिव बृजलाल श्रीपाल ने बताया कि 01 मई को श्रीपाल समाज कल्याण संगठन जबलपुर द्वारा दोपहर 12 बजे से श्रीपाल गड़रिया समाज धर्मशाला तिलवाराघाट में संगठन का स्थापना दिवस व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छोटेलाल श्रीपाल ने अध्यक्ष की आसंदी से कहा कि श्रीपाल गड़रिया समाज कल्याण संगठन विगत 24 वर्षों से लगातार समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को 01 मई को सम्मानित करता है, इस 24वें वर्ष में समाज विकास में बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है और हम शिक्षा के क्षेत्र में श्रीपाल समाज को शिक्षित बनाएंगे। उन्होंने कहा आज जिन बच्चों को पुरस्कार मिला है मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर बृजलाल श्रीपाल, छोटेलाल श्रीपाल, डीएल श्रीपाल, बेनीप्रसाद, ओपी, लखनलाल, द्वारका प्रसाद, गौतम प्रसाद, श्यामलाल, देवलाल, बीएल श्रीपाल, किशनलाल, प्रहलाद, कुंजीलाल श्रीपाल सहित अनेक स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## विजय के हाथ में जबलपुर युवा कांग्रेस की कमान



**जबलपुर।** पिछले काफी सालों से कांग्रेस के छात्र संगठन के अध्यक्ष रहे विजय रजक की कुशल संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र यादव द्वारा जबलपुर शहर में युवक कांग्रेस के विस्तार एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने 01 मई को विजय रजक को जबलपुर युवा कांग्रेस का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अपने कार्यकाल में सबसे पहले जबलपुर शहर के ग्रामीण एवं नगर की कार्यकारिणी को भंग करने का पत्र जारी किया गया उसके आधा घंटा बाद ही जबलपुर शहर की कमान विजय रजक को सौंपने पत्र जारी किया गया। ज्ञात है कि नवनियुक्त नगर अध्यक्ष विजय रजक इससे पहले एनएसयूआई अध्यक्ष व युवक कांग्रेस के नगर उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव के पद पर रहे हैं। विजय रजक ने बताया कि राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, विधायक लखन घनघोरिया, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा व पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े की अनुशंसा पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा व प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र यादव द्वारा उन्हें नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस के सभी विंग के पदाधिकारियों ने विजय रजक की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है।

## स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान

**नागरिकों को योजनाओं के बारे में जानकारी के साथ समस्याओं का भी हुआ तुरंत निराकरण**

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत एवं नगर निगम आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव के निर्देशानुसार विधानसभा वार विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान के दूसरे चरण के प्रथम दिन नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव की उपस्थिति में संभाग क्र. 14 के जयप्रकाश नारायण वार्ड क्र. 28 के अंतर्गत आने वाले शिव नगर आनंद हौंडा शोरूम से स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जो की वत्सला पैराडाइस, शिव नगर जैन मंदिर, शिव नगर गार्डन, धनी मेरिज हॉल एवं वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए साईं मंदिर में समाप्त हुआ जिसमें नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव, जय प्रकाश



नारायण वार्ड के आम नागरिकों, संभाग क्रमांक 14 के अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं नगर निगम टीम की उपस्थिति में वार्ड की विभिन्न गलियों में स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया एवं नगर पालिक निगम एवं शासन की योजनाओं का लाभ एवं उनकी जानकारी दी गई एवं आम नागरिकों की समस्यों का उनके द्वार पर जाकर उनका निराकरण भी किया गया। स्वच्छता रैली से पूर्व शिव नगर आनंद हौंडा शो रूम के समीप लम्बे समय से निर्मित हो रहे जीवीपी पॉइंट को युद्ध स्तर पर साफ सफाई कर उसका सौंदर्यीकरण किया गया ताकि निर्मित हुए जीवीपी पॉइंट को हमेशा के लिए हटाया जा सके सौंदर्यीकरण के अंतर्गत साफ़ सफाई, धुलाई करवाकर रंगोली से सजाया गया साथ ही साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु वृक्षारोपण भी किया गया। स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित सफाई मित्र, आम नागरिकों, आसपास के दुकानदारों एवं रहवासियों को स्वच्छता के बारे में जागरूक कर उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

**कई राशियों पर पड़ेगा विशेष प्रभाव**

## बृहस्पति 12 साल बाद अपनी शत्रु राशि वृषभ में करेंगे प्रवेश आज

हरिभूमि, जबलपुर

ज्ञान, बुद्धि और धार्मिक कारक ग्रह देवगुरु बृहस्पति 12 साल बाद एक मई को अपनी शत्रु राशि वृषभ में प्रवेश करेंगे। ज्योतिषविदों के मुताबिक बुधवार दोपहर 1.02 बजे बृहस्पति का मेष से वृषभ राशि में प्रवेश होगा। इस बीच गुरु ग्रह नौ मई को अस्त हो जाएगा। इसका कई राशियों पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। पं. शिवशंकर तिवारी ने बताया कि लगभग 13 मास बृहस्पति इसी राशि में विचरण करेंगे। खगोलीय मंडल में होने वाले इस बदलाव का मिथुन, तुला व कुंभ राशि के जातकों को मध्यम फल मिलेगा। साथ ही गर्मी में भी तेजी आएगी। शिक्षा, उद्योग, धार्मिक, अध्यात्म और सामाजिक क्षेत्रों में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे व नए आयाम भी स्थापित होंगे।

**गुरु ग्रह नौ अक्टूबर से वक्री**

*उधर, गुरु ग्रह नौ अक्टूबर से चार फरवरी, 2025 तक उल्टी (वक्री) चाल चलेगा। वृष राशि में गुरु के गोचर से मेष, वृष, कन्या, वृश्चिक व मकर राशि के जातकों को विशेष लाभ मिलेगा।*

## बृहद वैवाहिक परिचय सम्मेलन 5 मई को

**जबलपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद जबलपुर जिला इकाई द्वारा जबलपुर जिले में निःशुल्क युवक-युवती विवाह परिचय सम्मेलन 5 मई, रविवार को जबलपुर के मानस भवन में प्रातः 9 बजे से कराया जा रहा है, इस आयोजन के लिए लगातार मध्य प्रदेश से ही नहीं, बल्कि अन्य प्रदेशों से सभी ब्राह्मण परिवारों से 2 मई तक बायोडाटा कलेक्ट किए जा रहे हैं, इस कार्यक्रम को करने का उद्देश्य हमारे संगठन द्वारा समाज हित में किए जाने वाले कार्य हैं, माता-पिता की हमेशा यही चिंता होती है कि हमारे बच्चों के लिए अच्छे से अच्छा रिश्ता मिले इसी को देखते हुए हमने एक ही प्लेटफार्म पर सभी को एकत्रित करने का प्रयास किया है। सभी पदाधिकारीयों एवं राष्ट्रीय महासचिव पंडित अवधेश उरमलिया ने सभी से इस सामाजिक कार्य में उपस्थिति का आव्हान किया है।

## एसोसियेशन ने जिला कलेक्टर को सैंपे दस्तावेज

**जबलपुर।**

महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन द्वारा जिला कलेक्टर को 30 अप्रेल को पुनः ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन के चार स्कूल बिना मान्यता प्राप्त संचालित होने के दस्तावेज प्रस्तुत कर स्कूलों को तत्काल बंद करने की मांग की गई है। एसो. के अध्यक्ष एड. अंकुश चौधरी ने बताया कि ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन एवं रक्षा इंटरनेशनल के जबलपुर शहर में छह स्कूल संचालित हो रहे हैं, जो की तेवर, अधारताल, राइट टाउन, सिविल लाइंस, धनवंतरी एवं ग्वारीघाट में स्थित है, जो सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित किया जा रहा है इसकी जानकारी स्वयं ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन ने अपने ब्रोसर में प्रकाशित की है। लेकिन सीबीएसई बोर्ड की साइट में ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल की एक ही ब्रांच प्रकाशित हो रही

## बिना मान्यता वाले स्कूलों को बंद किया जाए : महाकोशल लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन

है, जो की तेवर में स्थित है एवं मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड के मान्यता सूची में रक्षा इंटरनेशनल स्कूल का नाम प्रकाशित हो रहा है, उसमें भी स्कूल के पास जिलेटिन की फैक्ट्री होना बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है, बाकी शहर की 4 ब्रांच जो अधारताल, सिविल लाइन, धनवंतरी नगर, ग्वारीघाट में स्थित है उनकी कोई भी जानकारी सीबीएसई की साइट में नहीं दिखाई दे रही है और न ही मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड की सूची में है, मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड की सूची में भी सिर्फ तेवर स्थित स्कूल है, बाकी के अन्य चार स्कूल इनके मान्यता किस बोर्ड से है, इनके प्ले ग्राउंड, स्कूल एरिया एवं अन्य मापदंड की जिस बोर्ड के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है या नही एवं मान्यता की पूर्ण जांच की जाए एवं सीबीएसई बोर्ड के द्वारा दिनांक 21/5/2021 को सर्कुलर जारी किया गया है जिसमें स्कूल की कुछ महत्पवूर्ण जानकारी स्कूल वेब साइट में प्रकाशित करनी अनिवार्य की है, जैसे की स्कूल का पूर्ण पता एवं पिन कोड, फीस स्ट्रक्चर, स्कूल मैनेजमेंट कमिटी लिस्ट, यूट्यूब में स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर की लिंक एवं आदि जानकारी ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन की वेबसाइट में सीबीएसई के द्वारा सर्कुलर के आदेशानुसार का भी पूर्ण पालन नहीं किया गया, जिसकी सूक्ष्मतापूर्वक ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन के सभी विद्यालयों की जांच की जाए, क्योंकि अभिभावक अपने बच्चों की फीस हजारों रुपए सालाना दे रहे हैं, जिसमें जिला कलेक्टर ने जल्द से जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिएड. शुभम प्रजापति, अभिरूप चंसोरिया, एड. मोहित प्यासी, राहुल अगरिया, हर्ष प्रताप, आनंद कुंज उपस्थित रहे।

## जय प्रकाश नारायण वार्ड में स्वच्छता अभियान

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 के अंतर्गत संभाग क्रमांक 14 के जयप्रकाश नारायण वार्ड में निगमायुक्त श्रीमाति प्रीति यादव एवं क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति में ब्रस्वच्छता जनजागरूकता अभियान चलाया गया एवं सफाई की गयी। निगमायुक्त प्रीति यादव ने कहा कि शहर में स्वच्छता की अलख जगाने आप सभी की सहभागिता हमारे लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी आग्रह किया कि आप सभी अधिक से अधिक निगम द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान में भागीदारी करें और निगम प्रशासन को सहयोग प्रदान कर अपने शहर को स्वच्छ बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करें। संभागवार एवं वार्डवार विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान के दूसरे चरण के प्रथम दिन संभाग क्र. 14 के जय प्रकाश नारायण वार्ड क्र. 28 के अंतर्गत आने वाले शिव नगर आनंद हौंडा शोरूम से स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का का प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता रैली वत्सला पैराडाइस, शिव नगर जैन मंदिर, शिव नगर गार्डन, धनी मेरिज हॉल एवं वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए साईं मंदिर में समाप्त हुई। स्वच्छता रैली में जय प्रकाश नारायण वार्ड के आम नागरिकों, संभाग क्रमांक 14 के अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं नगर निगम टीम की उपस्थिति में वार्ड के विभिन्न गलियों में स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया ।

## कलश यात्रा से श्रीराम कथा का शुभारंभ



**महंत मनीषा दास के मुख्य आतिथ्य में सात दिवसीय राम कथा प्रारंभ**

**जबलपुर।** संस्कारधानी के कांचघर स्थित बीएम कॉलोनी मयूर कला मंदिर कांचघर में 01 मई 07 मई तक संगीतमय राम कथा का आयोजन किया जाएगा। इस तारतम्य में दिन बुधवार शाम 4:00 बजे से आयोजन स्थल प्रांगण से कलश यात्रा निकाली गई जो लालमाटी, द्वारका नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के पश्चात आयोजन स्थल पर आकर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में शहर के साधु संत गण तथा महिलाएं सभी बहने बुजुर्ग गण युवा साथी तथा बच्चे शामिल रहे। कथा प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से 7:00 तक आयोजित की जाएगी जिसे गीताधाम से स्वामी नरसिंह दास महाराज राम कथा का वाचन करेंगे। महंत मनीषा दास ने बताया कि जैसा कि हमारे सनातन परंपरा में एवं शास्त्रों में वर्णित है कि भगवान श्री राम की कथा का युगों युगों तक प्रचार प्रसार होता रहेगा एवं उनकी लीलाओं का वर्णन लगातार किया जाता रहेगा। आयोजक मनीषा दास ने कहा कि आज की पीढ़ी और आज का युवा धर्म एवं भगवान श्री राम के द्वारा स्थापित मर्यादा परक जीवन से दूर होता जा रहा है इसी को लेकर भगवान श्री राम की कथा का यह आयोजन किया गया है उन्होंने जबलपुर संस्कारधानी वासियों से राम कथा में पहुंचने की अपील की है एवं उपस्थित होने वाली सभी साधु संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने की बात कही है उन्होंने अपने सभी सहयोगकर्ताओं को धन्यवाद प्रेषित किया है एवं सभी की सहभागिता के लिए साधुवाद भी प्रदान किया है। कलश यात्रा बुधवार को 4:00 बजे कांचघर मयूर कला मंदिर बीएम कॉलोनी से प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।